# गंगापूजन के पहले समझौते की पंचायत

## खेत में बिछे करंट के तारों में उलझने से हुई थी मौत



**नवभारत/नरसिंहपुर।** जहां एक ओर हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार मृत्यु के बाद मृत आत्मा की शांति के लिए गंगा पूजन कराया जाता है वहीं दूसरी ओर इस गंगा पूजन के एक दिन पूर्व महिला की मौत के मामले में महिला के परिवारजन जिनके कारण महिला की मौत हुई उसे परिवार से समझौते की बैठक कर रहे हैं ऐसे में कैसे उसे महिला की आत्मा को शांति मिले और मृतआत्मा को न्याय नसीब हो, पूरे मामले में 12 दिनों के भीतर पुलिस अपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं कर पाई है और ना ही जिला चिकित्सालय से पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को सौंप गई।

### यह है पूरा मामला

जिले के गांव घाटपिंडरई के अंतर्गत 28 फरवरी को 75 वर्षीय रति बाई लोधी घर में रहने वाले जानवरों के लिए चारा काटने के लिए खेत गई थी रति भाई अपने खेत में चारा काट रही थी, इसी खेत से लगे हुए लखन पटेल मुन्ना पटेल के खेत में जानवरों से सुरक्षा के लिए तार फैलाए गए थे जिनमे बिजली का करंट दौड़ रहा था, इन्हीं तारों में उलझ जाने के कारण शाम 4:00 बजे रति बाई को करंट लगा और मौके पर यो मौत हो गई, जानकारी लगने के तुरंत बाद परिजनो ने पुलिस को सूचना दे पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भेज दिया गया जहां दूसरे दिन 1:00 बजे के आसपास महिला का पोस्टमार्टम किया गया।

### 11 दिनों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दे पाए डॉक्टर

1 मार्च के दोपहर 1:00 बजे किए गए पोस्टमार्टम की जांच जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर वीरेंद्र पटेल ने की थी, 1 मार्च से आज 11 दिन बीत जाने के बाद भी डॉ वीरेंद्र पटेल ना तो परिजनों को और ना ही पुलिस को मौत का कारण बता पाए हैं जबकि प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस की द्वारा लिए गए कथनों में क्या बात स्पष्ट हुई है कि करंट लगने से महिला की मौत हुई है, अक्सर पोस्टमार्टम प्रक्रिया के तुरंत बाद डॉक्टर मौत का कारण स्पष्ट कर देते हैं कुछ विशेष जांच ही बाद में प्रयोगशाला भेजी जाती हैं जिनकी रिपोर्ट आना शेष होता है लेकिन डॉक्टर वीरेंद्र पटेल 11 दिनों में जांच रिपोर्ट अपनी हठधर्मिता और लापरवाही के कारण नहीं बना पाए, डॉ वीरेंद्र पटेल से जब इस मामले में बात करनी चाहिए तो उन्होंने कहा कि जब उन्हें लगेगा तो वह रिपोर्ट बना देंगे और रिपोर्ट की इतनी क्या जल्दी है जब बन जाएगी तो पुलिस को रिपोर्ट दे दी जाएगी वही इस पूरे मामले में थाना प्रभारी टेमी प्रीति मिश्रा के द्वारा बताया गया कि जांच अधिकारी के द्वारा लगातार डॉक्टर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए संपर्क किया जा रहा है लेकिन डॉक्टर के द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी गई है।

### दोनों परिवार बैठकर कर रहे हैं समझौता

इस पूरे मामले को लेकर जा आरोपित लखन पटेल के परिवार के रिश्तेदार जो एक पेशे से शिक्षक भी हैं प्रभुनारायण पटेल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में आज शाम को दोनों परिवार बैठकर आपस में राजीनामा और समझौता करेंगे जिसमें लखन पटेल और उनके परिवार को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना आए, सूत्र बताते हैं कि उसके लिए जो भी शर्त है मृतिका के परिवार के द्वारा बताई जाएगी उनका पूरा किया जाएगा, अक्सर ऐसी बैठक में समाज और ग्राम के प्रतिष्ठित लोग बैठकर राजीनामा करते हैं और इस राजीनामा के बदले पीड़ित परिवार को आरोपित परिवार के द्वारा एक तय रकम दी जाती है जिसकी एवज में आरोपित परिवार के पक्ष में पीड़ित परिवार के द्वारा बयान दिए जाते हैं, यह प्रचलन नरसिंहपुर में बड़ी तेजी से फैल रहा है।

### पुलिस ने नहीं किया अपराध पंजीबद्ध

गौर करने वाली बात यह है कि फरवरी माह की 28 तारीख में घटना घटित होती है और 28 तारीख में ही पुलिस मामले को जांच में ले लेती है थाना प्रभारी के मुताबिक पुलिस ने सभी लोगों के कथन भी दर्ज कर लिए हैं लेकिन डॉक्टर वीरेंद्र पटेल के द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट न दिए जाने के कारण मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है जिसके कारण अपराध पंजीबद्ध नहीं किया गया है पुलिस थाने के द्वारा लगातार पोस्टमार्टमकर्ता डॉक्टर से संपर्क किया जा रहा है लेकिन डॉक्टर ने अभी तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दी है।

### इनका कहना है

हमारे खेत में जानवरों से बचने के लिए तार लगे थे उनमें करंट चालू था जिसमें फंसने से रति बाई की मौत हो गई, उनके परिवार जनों से बात कर रहे हैं।

**- लखन पटेल,** आरोपित

उक्त मामले में दोनों परिवार के लोग बैठकर समझौता कर रहे हैं उसकी बैठक कल शाम हो गई है अब इसमें किसी और को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

**- प्रभु नारायण पटेल,** आरोपित के रिश्तेदार

उसका पोस्टमार्टम मेरे द्वारा किया गया था जब समय मिलेगा तो रिपोर्ट बना दूंगा रिपोर्ट की इतनी क्या जल्दी है और रिपोर्ट के लिए दोबारा फोन ना लगे।

**- डॉ वीरेंद्र पटेल,** पोस्टमार्टम कर्ता

मामले को 28 फरवरी में ही जांच में ले लिया था, परिवार के लोगों के कथन भी कराए गए हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट न आने के कारण नहीं किया गया है, जांच अधिकारी लगातार डॉक्टर के साथ संपर्क में है।

# गुंडागर्दी कर युवकों ने किराना व्यवसायी से की मारपीट



**नवभारत/गोटेगांव।** कुछ दिनों पूर्व सट्टा, जुआं, अवैध शराब, स्मैक गांजा पाउडर की विक्रय को लेकर सुर्खियों में रही पुलिस अब एक बार फिर गोटेगांव में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। खुलेआम किराना दुकान में घुसकर गुंडागर्दी कर मारपीट की घटना सामने आई है, थाना गोटेगांव अंतर्गत कुम्हडाखेड़ा स्थित अक्षय किराना भंडार पर चार युवकों द्वारा कथित रूप से गुंडागर्दी, मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, दुकान संचालक राकेश नेमा की छोटी किराना दुकान पर चार युवक पहुंचे और राजश्री लेने के बाद जब राकेश नेमा ने उनसे पैसे मांगे तो वे भड़क गए। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने गुस्से में आकर दुकान के अंदर घुसकर राकेश नेमा के साथ जमकर मारपीट की और दुकान में तोड़फोड़ भी की। इस घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे किसी राहगीर ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कुछ युवक दुकान संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहे हैं। पीडि़त राकेश नेमा, जो कुम्हराखेड़ा में अक्षय किराना भंडार के नाम से किराना दुकान संचालित करते हैं, उन्होंने इस मामले में गोटेगांव थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ड़ित ने पुलिस अधीक्षक से सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। गोटेगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आमनागरिकों ने इस घटना को चिंताजनक बताते हुए पुलिस प्रशासन से इस तरह की हो रही खुलेआम गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों पर जल्द से जल्द रोक लगाएं जाने की मांग की है।

# हत्या एवं हत्या के प्रयास के मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा




**गोटेगांव।** स्थानीय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश राममनोहर दांगी के न्यायालय ने हत्या और हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सत्र प्रकरण क्रमांक 55/24 में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी ब्रजलाल उर्फ बिरजू, जागेश्वर, ओंकार और रामजी (सभी निवासी गंगई कला) को धारा 302 के तहत उम्रकैद और धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। साथ ही सभी पर अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन के अनुसार, घटना 4 दिसंबर 2023 की शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की है। फरियादी सीताराम और डोरीलाल मलाह मोटरसाइकिल से अपने घर गंगई कला लौट रहे थे। तभी करेली कला के पास आरोपी जागेश्वर ने ईको कार से उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और डोरीलाल पर दोबारा कार चढ़ा दी। इसी दौरान आरोपी ब्रजलाल ने देशी कट्टे से गोली चलाकर सीताराम को घायल कर दिया, जबकि ओंकार और रामजी ने पाइप व बका से हमला किया।

# पूर्व विधायक संजय शर्मा का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया, जीतू पटवारी रहे विशेष रूप से उपस्थित




**नवभारत/गाडरवारा।** कामती मार्ग स्थित राजोरिया के प्रतिष्ठान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व विधायक संजय शर्मा का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व विधायक संजय शर्मा का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल, विनोद राजोरिया, अजय गुप्ता, हरिओम चौधरी, अभिनव ढिमोले, दिग्विजय सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जैन मंदिर में लाखों की चोरी, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल



**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव थाना क्षेत्र के रामनिवारी स्थित जैन मंदिर में बीती रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर से धार्मिक सामग्री और नकदी सहित लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और रोष का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोरी की यह वारदात मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है। चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी धार्मिक सामग्री व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बताया जा रहा है कि चोर मंदिर से 11 छत्र, 2 सिंहासन, 2 भगवान की मूर्तियां और लगभग 50 हजार रुपए नकद अपने साथ ले गए। इसके अलावा तीन ताले भी अपने साथ ले गए, जबकि कुल चार ताले तोड़े गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपए बताई जा रही है। सुबह जब मंदिर के पुजारी और आसपास के लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर के टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर घटना का पता चला। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिलहाल चोरों के बारे में कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिल पाया है, लेकिन पुलिस आसपास के क्षेत्रों में जांच कर रही है और संभावित आरोपियों की तलाश की जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे इस तरह की आपराधिक घटनाएं होना कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों में भय का वातावरण बन रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच




**नवभारत/गाडरवारा।** डिजिटल लेनदेन का उपयोग जहां आमजन के लिए सुविधाजनक साबित हो रहा है, वहीं जरा सी लापरवाही लोगों को भारी नुकसान भी पहुंचा रही है। इन दिनों साइबर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे बैंक उपभोक्ता अपनी जमा राशि को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सिहोरा पुलिस चौकी क्षेत्र से सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खंजारी निवासी ऋषभ पिता शिवकुमार दीक्षित के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चार लाख से अधिक की राशि निकाल ली गई। प्रार्थी ऋषभ दीक्षित ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके करेली स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 4 लाख 39 हजार 852 रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर में



### सूखाखैरी में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने आए जीतू पटवारी

**नवभारत/ गाडरवारा।** ग्राम सूखाखैरी में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होने आए जीतू पटवारी का कामती स्थित जिनेश जैन के फार्म हाउस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ता बैंड-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को फार्म हाउस तक लेकर पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष जिनेश जैन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखकर कहा कि संगठन में ही सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी को संगठित होकर कांग्रेस को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए।

### आरटीई के तहत नि :शुल्क प्रवेश आवेदन प्रक्रिया 13 से

**नवभारत/ नरसिंहपुर ।** शैक्षणिक सत्र 2026ङ्क27 के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आर टी ई) के अंतर्गत निजी मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ होगी। जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे ने बताया कि अभिभावक आर टी ई पोर्टल पर समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन के माध्यम से न्यूनतम 3 तथा अधिकतम 10 विद्यालयों का चयन कर सकेंगे। अभिभावक 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन के बाद 14 मार्च से 30 मार्च 2026 तक निर्धारित सत्यापन केंद्रों पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा। पात्र आवेदकों को 02 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटित किए जाएंगे तथा चयनित अभिभावकों को एसएमएस के जरिए सूचना दी जाएगी। आवंटित विद्यालयों में 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। यदि प्रथम चरण के बाद सीटें रिक्त रहती हैं तो द्वितीय चरण में पुन: आवंटन किया जाएगा। प्रवेश के लिए आयु सीमा नई शिक्षा नीति के अनुसार निर्धारित की गई है। नर्सरी: न्यूनतम आयु 3 वर्ष केजी: 1= न्यूनतम आयु 4 वर्ष कक्षा 1: न्यूनतम आयु 6 वर्ष अभिभावकों को ध्यान रखना होगा कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे।

# सरकारी आदेश से पहले ही करा लिया लाखों का निर्माण



**नवभारत/नरसिंहपुर।** जिले की ग्राम पंचायतों में सरकारी नियमों को ताक पर रखकर कार्य करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ प्रदेश सरकार द्वारा प्री-कास्ट बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए आधिकारिक आदेश 6 फरवरी को जारी किया गया था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिले की अनेक पंचायतों ने इस आदेश के आने से पहले ही निर्माण कार्य पूर्ण कर सरकारी खजाने से लाखों रुपये का भुगतान भी प्राप्त कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत कर्मी सरकार से भी एक कदम आगे चल रहे हैं, जिससे पूरी कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। सूत्रों के अनुसार, सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को दरकिनार कर जनपद और ग्राम पंचायत के अधिकारियों की मिलीभगत से लोक निर्माण विभाग के पुराने मापदंडों के आधार पर आनन-फानन में यह निर्माण कराया गया। इस पूरे मामले में तकनीकी स्वीकृति , मूल्यांकन और पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिना किसी वैध आदेश के तकनीकी स्वीकृति कैसे प्रदान की गई और भुगतान की प्रक्रिया कैसे पूरी हुई, यह जांच का विषय है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग उठ रही है। इस संबंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र राजपूत का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है और वे इस विषय में उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से बात कर विस्तृत जांच कराएंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस अनियमितता पर क्या रुख अपनाता है।

# सत्ता और पद का उपयोग समाज सेवा और जनकल्याण के लिए होना चाहिए



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस तेंदूखेड़ा में पाल भवन परिसर में अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने के लिए भूमी पूजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल श्रीपाल पूर्व विधायक भैयाराम पटेल नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और पाल समाज के स्वाजातीय बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि रानी अहिल्या बाई केवल एक शासक ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति धर्म और सेवा की अद्भुत प्रतीक थीं । उन्होंने अपने शासनकाल में समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया। देशभर में मंदिरों घाटों धर्मशालाओं और कुंओं का निर्माण करवाकर उन्होंने सनातन संस्कृति की रक्षा और सेवा का महान कार्य किया। पवित्र तीर्थस्थलों का पुनर्निर्माण कर उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया। उनका जीवन हमें संदेश देता है कि सत्ता का उपयोग समाज सेवा और जनकल्याण के लिए होना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल श्रीपाल ने पाल समाज की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी प्रतिमा की स्थापना आने वाली पीढ़ियों को उनके आदर्शों त्याग और सेवा भावना से प्रेरित करेगा। तथा विधायक द्वारा मिले सहयोग की प्रशंसा की।साथ ही पूर्व विधायक भैयाराम पटेल विष्णु शर्मा ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर प्रदेश मंत्री राजू पाली एवं जिले के पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों का शाल श्री फल से सम्मान किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष महीष मोदी वरिष्ठ पार्षद संतोष पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया रामकुमार ठाकुर सोनू महाराज राजेश श्रीपाल कृपाल राकेश सुंदरलाल पुरुषोत्तम महेश हेमराज सुरेश प्रदीप पाल सहित अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के स्वजातीय बंधुओ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# नगर पालिका करेली में दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने का शिविर 16 को

## सिविल अस्पताल करेली में जिला मेडिकल बोर्ड करेगा प्रमाण पत्र जारी, बस पास और रेलवे पास भी बनेंगे




**नवभारत/ करेली।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद करेली एवं जनपद पंचायत करेली क्षेत्र के दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 16 मार्च 2026, सोमवार को प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक सिविल अस्पताल करेली में आयोजित होगा। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांग प्रमाण पत्र) बनाए जाएंगे। इसके साथ ही पात्र दिव्यांगजनों के लिए बस पास तथा रेलवे कंसेशन पास बनाने की कार्यवाही भी की जाएगी, जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिल सके। प्रशासन द्वारा बताया गया है कि जिन दिव्यांगजनों के अभी तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बने हैं, वे शिविर से पहले अपने नजदीकी कियोस्क सेंटर या एमपी ऑनलाइन सेंटर पर जाकर स्वावलंबन/यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीयन कर उसकी पावती प्राप्त कर लें।

### जनकल्याणकारी योजना

इसके बाद आधार कार्ड, समग्र आईडी और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ शिविर स्थल पर पहुंचकर अपना दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। वहीं जिन हितग्राहियों के डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र पहले से बने हुए हैं, वे शिविर में आकर बस पास और रेलवे कंसेशन सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र की 2 प्रतियां, यूडीआईडी की 2 प्रतियां, आधार कार्ड की 2 प्रतियां, समग्र आईडी की 2 प्रतियां तथा 2 फोटो साथ लाना होगा। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ें।




# रात्रिकालीन गश्त में वन विभाग की कार्रवाई दो बाइक सहित सागौन लकड़ी जब्त

**नवभारत/ गाडरवारा।** क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला वन अधिकारी सुश्री कल्पना तिवारी के मार्गदर्शन में एसडीओ सुनील कुमार वर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पुष्कर की टीम ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान दो युवकों को मोटरसाइकिल से सागौन के चरपटे ले जाते हुए पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम चतुर बाथरे निवासी बारहाबड़ एवं फूलचंद धानक निवासी बैरागढ़ बताए। उनके पास से सागौन के चरपटे तथा दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं। वन विभाग की टीम ने एक अन्य कार्रवाई में ग्राम सालीचौका निवासी गजराज रोहेला के घर से भी सागौन की लकड़ी जब्त की है। वन विभाग के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में वन रक्षक राजेश कौरव, घनश्याम श्रीवास, महेंद्र शर्मा, मनीष सिलावट, सतीश शर्मा, प्रिंस साहू, उमेश ठाकुर, ब्रज किशोर ठाकुर, राम किशोर सराठे तथा वाहन चालक योगेश वर्मा और नारायण वर्मा शामिल रहे।